# लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
# (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
# पीठासीन अधिकारी **चेतन देवड़ा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/39/2020 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 04.06.2020

श्री कैलाश चन्द्र डाड निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर

**बनाम**

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

**निर्णय**

**दिनांक 30.06.2020**

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 07.12.2019 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 39/2020/(30.06)/391 दिनांक 04.06.2020 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर को दिनांक 30.06.2020 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 30.06.2020 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ।

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर ने अपने पत्र क्रमांक/सू.काअधि./2020/753 दिनांक 24.06.2020 से कमेंट्स प्रेषित किये कि अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 07.12.2019 से ग्राम मण्डफिया (सांवलियाजी) क्षेत्र

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

| प्रकरण संख्या 39 / 2020 (सू.अ.) |
| --- |
| श्री कैलाश चन्द्र डाड निवासी मण्डफिया बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर |

में आबादी एवं वाणिज्यिक रूपान्तरण पर रोई लगाई जाने तथा किए भू रूपान्तरण संबंधित समस्त पत्रावलियों से संबंधित तीन बिन्दुओं पर सूचना चाही गई जो विविधता लिए होने से सूचना उपलब्ध कराने में विलम्ब हुआ है जो कि इस कार्यालय के पत्रांक / सू.काअधि. / 2020 / 628 दिनांक 12.03.2020 से जरिये रजिस्टर्ड डाक से निः शुल्क उपलब्ध करा दी गई है। पत्र की प्रति संलग्न है।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर द्वारा अपने पत्रांक / सू.काअधि. / 2020 / 753 दिनांक 24.06.2020 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके सलग्न अनुलग्नक का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर द्वारा अपने पत्रांक / सू.काअधि. / 2020 / 628 दिनांक 12.03.2020 से रजिस्टर्ड डाक द्वारा निः शुल्क भिजवाई जा चुकी है।

चूंकि अपीलार्थी को सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर द्वारा, उसके द्वारा वांछित सूचना रजिस्टर्ड डाक से निः शुल्क भिजवा दी जाने से अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारिज की जाती है।

(चेतन देवड़ा)
लोक सूचना अपीलीय आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक / सरिश्ता / प्र.सं. / 39 / 2020(सू.अ.) / 425 दिनांकः– 30 / 06 / 2020
प्रतिलिपिः–

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर
2. श्री कैलाश चन्द्र पिता गोपीलाल डाड निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official